Prepp
Your Personal Exams Guide

# रेल भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD
## सी ई एन - 06/2025 - CEN - 06/2025
## एनटीपीसी (स्नातक स्तर) की भर्ती / Recruitment of NTPC Graduate Level

| | |
|---|---|
| Test Date | 24/03/2026 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:30 AM |
| Subject | RRB NTPC GRADUATE CBT 1 |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **RRB NTPC GRADUATE CBT 1**

**Q.1** **GIGO (गार्बेज इन गार्बेज आउट) पद कंप्यूटर के किस अभिलक्षण से सबसे निकटता से संबंधित है?**

**Ans**
- ✗ A. भंडारण क्षमता
- ✗ B. अध्यवसाय
- ✓ C. परिशुद्धता
- ✗ D. स्वानुभविक अभाव

**Q.2** **समकालीन काल में कौन-सी प्रक्रिया, वैश्विक स्तर पर देशों के आर्थिक एकीकरण के लिए उत्तरदायी है?**

**Ans**
- ✓ A. वैश्वीकरण (Globalisation)
- ✗ B. औद्योगीकरण (Industrialisation)
- ✗ C. विश्व-स्थानीय-समन्वय (Glocalisation)
- ✗ D. पारराष्ट्रीयकरण (Transnationalisation)

**Q.3** **एक गोले का पृष्ठीय क्षेत्रफल 154 $cm^2$ है। गोले की त्रिज्या ज्ञात कीजिए। ( $\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए)**

**Ans**
- ✗ A. 11 cm
- ✗ B. 5 cm
- ✓ C. 3.5 cm
- ✗ D. 7 cm

**Q.4** **भारतीय सिनेमा में सर्वोच्च सम्मान के रूप में मान्यता प्राप्त पुरस्कार कौन-सा है, जिसे सितंबर 2025 में मोहनलाल को प्रदान किया गया था?**

**Ans**
- ✗ A. सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का राष्ट्रीय पुरस्कार
- ✓ B. दादासाहेब फाल्के पुरस्कार
- ✗ C. फिल्मफेयर लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड
- ✗ D. पद्म भूषण

**Q.5** **अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)**

**Ans**
- ✓ A. QR–SW
- ✗ B. EF–HI
- ✗ C. BC–EF
- ✗ D. TU–WX

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.6 _________ या 'जादूगरनी का नृत्य (Dance of an Enchantress)' केरल राज्य में किया जाने वाला एक एकल नृत्य है, जो मुख्य रूप से महिलाओं द्वारा किया जाता है।

Ans
- ✗ A. तिरुवातिराकली
- ✗ B. कथकली
- ✗ C. भरतनाट्यम
- ✓ D. मोहिनीअट्टम

Q.7 मल्टी ब्रांड रिटेल ट्रेड में FDI की अनुमत सीमा क्या है?

Ans
- ✗ A. 100%
- ✓ B. 51%
- ✗ C. 74%
- ✗ D. 49%

Q.8 A और B की आयु का अनुपात 5 : 8 है। 6 वर्ष के बाद, अनुपात 3 : 4 हो जाता है। A की वर्तमान आयु कितनी है?

Ans
- ✗ A. 9.7 वर्ष
- ✗ B. 11 वर्ष
- ✓ C. 7.5 वर्ष
- ✗ D. 9 वर्ष

Q.9 निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किया गया पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किए गए पैटर्न और संबंध के समान हो?

# : NXF :: KUC : %

Ans
- ✓ A. # = FPX % = SCK
- ✗ B. # = FPX % = SCO
- ✗ C. # = FIX % = SCK
- ✗ D. # = EPX % = SCK

Q.10 दो द्विघात समीकरणों $x^2 + x + p = 0$ और $x^2 + 2x - 3 = 0$ का एक मूल उभयनिष्ठ है। p का संभावित मान क्या है?

Ans
- ✗ A. −3
- ✓ B. −2
- ✗ C. −4
- ✗ D. −1

Q.11 निम्नलिखित में से किस अक्षर समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर समूह युग्म के बीच अनुसरण किया गया पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर समूह युग्म के बीच अनुसरण किए गए पैटर्न और संबंध के समान हो?

# : ZVT :: JFD : %

Ans
- ✗ A. # = WTR , % = LKH
- ✗ B. # = XSR , % = LJG
- ✗ C. # = XUR , % = MJL
- ✓ D. # = WSQ , % = MIG

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.12** एक गोले के भीतर 3 cm त्रिज्या और $3\sqrt{2}$ cm ऊँचाई वाला एक शंकु बना हुआ है। गोले का पृष्ठीय क्षेत्रफल ($cm^2$) ज्ञात कीजिए। [$\pi = \frac{22}{7}$ का प्रयोग करें ]

**Ans**

✗ A. $42\frac{1}{3}$

✓ B. $127\frac{2}{7}$

✗ C. $14\frac{1}{7}$

✗ D. $86\frac{2}{3}$

**Q.13** निम्नलिखित में से कौन-सी भाषा संत तुकाराम द्वारा ईश्वर की स्तुति में रचित अभंग (abhang) भक्ति छंदों से संबंधित है?

**Ans**

✓ A. मराठी

✗ B. गुजराती

✗ C. हिंदी

✗ D. कन्नड़

**Q.14** निम्नलिखित में से कौन-सी प्रक्रिया/प्रक्रियाएं मुख्य रूप से हिमालय जैसे वलित पर्वतों के निर्माण के लिए उत्तरदायी हैं?

**Ans**

✗ A. वायु निक्षेपण

✗ B. ज्वालामुखी उद्गार

✓ C. प्लेटों की टक्कर

✗ D. नदियों द्वारा अपरदन

**Q.15** दिसंबर 2025 तक प्राप्त जानकारी के अनुसार, DPDP एक्ट, 2023 के तहत माता-पिता की सहमति (parental consent) की क्या भूमिका है?

**Ans**

✗ A. बच्चों को ऑनलाइन परीक्षाओं तक पहुंच स्वीकृत करना

✓ B. डेटा न्यासियों द्वारा बच्चे के व्यक्तिगत डेटा के प्रसंस्करण की अनुमति देना

✗ C. सभी डिजिटल डिवाइस की खरीद को मंजूरी देना

✗ D. स्कूलों को बच्चों के चिकित्सा अभिलेखों तक पहुँच की अनुमति देना

**Q.16** राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांत का कौन-सा अनुच्छेद, भारत में पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए समान कार्य के लिए समान वेतन के सिद्धांत को प्रतिष्ठापित करता है?

**Ans**

✓ A. अनुच्छेद 39

✗ B. अनुच्छेद 43

✗ C. अनुच्छेद 44

✗ D. अनुच्छेद 41

**Q.17** यदि $p + \frac{1}{m} = m + \frac{1}{n} = n + \frac{1}{p}$ $(p \neq m \neq n)$ है, तो $p \times m \times n$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**

✗ A. $\pm 2$

✗ B. $\pm \frac{1}{2}$

✗ C. $0$

✓ D. $\pm 1$

Prepp Your Personal Exam Guide

| | | |
|---|---|---|
| Q.18 | हाल के दशकों में भारत में उच्च श्रेणी के खनिज अयस्कों के क्षय में सबसे अधिक योगदान किस कारक का रहा है? | |
| Ans | ✔ A. समृद्ध अयस्कों का चयनात्मक खनन<br>✘ B. अप्रक्रमित खनिजों के निर्यात में वृद्धि<br>✘ C. कोयला आधारित उद्योगों पर अधिक निर्भरता<br>✘ D. खनन में सीमित विदेशी निवेश | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.19 | 2025 में दोहा में आयोजित ICA CM50 सम्मेलन में घोषित इंटरनेशनल कोऑपरेटिव अलायंस वर्ल्ड कोऑपरेटिव मॉनिटर 2025 में किन भारतीय सहकारी समितियों को क्रमशः पहला और दूसरा स्थान प्राप्त हुआ? | |
| Ans | ✔ A. अमूल (GCMMF) पहले स्थान पर और IFFCO दूसरे स्थान पर रहा।<br>✘ B. अमूल (GCMMF) पहले स्थान पर और KRIBHCO दूसरे स्थान पर रहा।<br>✘ C. IFFCO पहले स्थान पर और अमूल (GCMMF) दूसरे स्थान पर रहा।<br>✘ D. IFFCO पहले स्थान पर और KRIBHCO दूसरे स्थान पर रहा। | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.20 | विश्व का पहला आवासीय विश्वविद्यालय, नालंदा, निम्नलिखित में से किस शासक के संरक्षण में स्थापित किया गया था? | |
| Ans | ✘ A. समुद्रगुप्त<br>✘ B. स्कंदगुप्त<br>✘ C. चंद्रगुप्त प्रथम<br>✔ D. कुमारगुप्त प्रथम | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.21 | कितने वर्षों में ₹7,200 पर 4% वार्षिक ब्याज दर से ₹360 साधारण ब्याज प्राप्त होगा? | |
| Ans | ✔ A. 1.25<br>✘ B. 2.25<br>✘ C. 0.25<br>✘ D. 2.5 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.22 | यदि संख्या 8674153 के प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ दिया जाए और प्रत्येक सम अंक में से 2 घटा दिया जाए, तो इस प्रकार बनी संख्या में सबसे बड़े और सबसे छोटे अंकों का अंतर कितना होगा? | |
| Ans | ✘ A. 4<br>✘ B. 5<br>✔ C. 6<br>✘ D. 7 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.23 | एक दुकानदार किसी वस्तु का अंकित मूल्य उसके क्रय मूल्य से 100% अधिक निर्धारित करता है। 26% का लाभ प्राप्त करने के लिए अंकित मूल्य पर कितने प्रतिशत की छूट प्रदान की जानी चाहिए? | |
| Ans | ✔ A. 37%<br>✘ B. 36%<br>✘ C. 40%<br>✘ D. 39% | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.24 | नागपुर पुस्तक महोत्सव 2025 का आयोजन कहाँ हुआ था? | |
| Ans | ✘ A. यशवंत स्टेडियम<br>✔ B. रेशीमबाग मैदान<br>✘ C. मनकापुर स्टेडियम<br>✘ D. कस्तूरचंद पार्क | |

Prepp Your Personal Exam Guide

Q.25 सात बॉक्स, A, B, C, D, E, F और G को एक के ऊपर एक करके रखा गया है, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे हों।
B के नीचे केवल दो बॉक्स रखे जाते हैं। G के ऊपर केवल एक बॉक्स रखा जाता है। G और A के बीच केवल एक बॉक्स रखा जाता है। C को F के ठीक ऊपर रखा जाता है। E को D के नीचे किसी स्थान पर रखा जाता है।
E के नीचे कितने बॉक्स रखे गए हैं?

Ans
- ✗ A. 5
- ✗ B. 3
- ✓ C. 4
- ✗ D. 2

Q.26 वेल्लोर विद्रोह (Vellore Mutiny) किस वर्ष हुआ था?

Ans
- ✓ A. 1806 ईस्वी
- ✗ B. 1817 ईस्वी
- ✗ C. 1799 ईस्वी
- ✗ D. 1857 ईस्वी

Q.27 निम्नलिखित संख्या-युग्मों में, पहली संख्या पर निश्चित गणितीय संक्रियाएँ करके दूसरी संख्या प्राप्त की जाती है। उस समुच्चय का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएँ संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएँ की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि 13 पर की जा सकती हैं। 13 को 1 व 3 में तोड़ना और फिर 1 व 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)
15, 73
19, 93

Ans
- ✓ A. 23, 113
- ✗ B. 22, 114
- ✗ C. 22, 113
- ✗ D. 23, 114

Q.28 निम्नलिखित में से कौन-सी विशिष्ट विशेषता हड़प्पा नगरों में पाई जाती है?

Ans
- ✗ A. व्यापार मार्ग (Trade routes)
- ✗ B. धार्मिक जलूस (Religious processions)
- ✗ C. कुशल परिवहन (Efficient transportation)
- ✓ D. अपवाह तंत्र (Drainage system)

Q.29 भारतीय संविधान के किस संवैधानिक संशोधन के माध्यम से शिक्षण संस्थानों में ओबीसी (OBC) के लिए 27% आरक्षण प्रदान किया गया था?

Ans
- ✗ A. 86वां संशोधन
- ✓ B. 93वां संशोधन
- ✗ C. 97वां संशोधन
- ✗ D. 94वां संशोधन

Q.30 एक पैटर्न से मैच करने वाली फ़ाइलों को खोजने के लिए निम्न में से किस वाइल्डकार्ड का इस्तेमाल किया जाता है?

Ans
- ✗ A. -.[file extension]
- ✗ B. +.[file extension]
- ✗ C. /.[file extension]
- ✓ D. *.[file extension]

Prepp Your Personal Exam Guide

**Q.31** वनराज की आयु उसके छोटे भाई की आयु की दोगुनी है और उसका एक अन्य भाई उसके छोटे भाई से 3 वर्ष छोटा है। यदि 3 वर्ष पूर्व इन तीनों भाइयों की आयु का योगफल 20 वर्ष था, तो वनराज की वर्तमान आयु (वर्ष में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 15
- ✓ B. 16
- ✗ C. 14
- ✗ D. 18

**Q.32** समूह A में 30 सदस्य, समूह B में 21 सदस्य और समूह C में 40 सदस्य हैं। इन समूहों के सभी सदस्य एक रेस्टोरेंट में गए। समूह A, B और C के प्रत्येक सदस्य पर व्यय की गई औसत धनराशि क्रमशः ₹378, ₹355 और ₹224 है। प्रति सदस्य व्यय की गई समग्र औसत धनराशि (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 304
- ✗ B. 303
- ✗ C. 302
- ✓ D. 305

**Q.33** (-9) - (-56) ÷ (-8) + (-4) × 7 का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✓ A. -44
- ✗ B. -43
- ✗ C. -47
- ✗ D. -46

**Q.34** गिरीश ने एक परीक्षा में 424 अंक प्राप्त किए जो कि पूर्णांक के 19% से 13 अंक कम थे। उसी परीक्षा में उसके मित्र ने 529 अंक प्राप्त किए। उसके मित्र द्वारा प्राप्त अंकों का प्रतिशत क्या है?

**Ans**
- ✓ A. 23%
- ✗ B. 26%
- ✗ C. 25%
- ✗ D. 22%

**Q.35** विलयनों की अम्लीय प्रकृति के लिए कौन-सा आयन उत्तरदायी है?

**Ans**
- ✗ A. क्लोराइड आयन (Cl-)
- ✓ B. हाइड्रोजन आयन (H+)
- ✗ C. हाइड्रॉक्साइड आयन (OH-)
- ✗ D. सोडियम आयन (Na+)

**Q.36** दो ट्रेनें, 90 km/hr और 70 km/hr की चाल से विपरीत दिशाओं में चल रही हैं। एक ट्रेन की लंबाई 480 m है। यदि दोनों ट्रेन 27 सेकंड में एक-दूसरे को पार कर लेती हैं, तो दूसरी ट्रेन की लंबाई (मीटर में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✓ A. 720
- ✗ B. 725
- ✗ C. 735
- ✗ D. 730

**Q.37** भारतीय संविधान के 74वें संशोधन के अंतर्गत, मताधिकारों के बिना नगरपालिका में प्रतिनिधित्व के लिए कौन पात्र होता है?

**Ans**
- ✗ A. मुख्यमंत्री
- ✓ B. नगरपालिका प्रशासन में विशेष ज्ञान रखने वाले व्यक्ति
- ✗ C. ग्राम सभा के सदस्य
- ✗ D. राज्यों के राज्यपाल

Prepp Your Personal Exam Guide

**Q.38** स्पेस समिट 2026, एक विशेष रूप से तैयार किया गया दो दिवसीय एलीट कॉन्फ्रेंस, 2-3 फरवरी 2026 को निम्नलिखित में से किस देश में आयोजित किया गया?

**Ans**
- ✗ A. भारत
- ✓ B. सिंगापुर
- ✗ C. संयुक्त अरब अमीरात
- ✗ D. संयुक्त राज्य अमेरिका

**Q.39** अंग्रेजी वर्णानुक्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एक समान हैं तथा इस प्रकार एक ग्रुप का निर्माण करते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोटः असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

**Ans**
- ✓ A. AY−YZ
- ✗ B. SQ−RP
- ✗ C. HF−GE
- ✗ D. IG−HF

**Q.40** 16 + 20 ÷ 4 - 2 × 3 का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 18
- ✗ B. 14
- ✗ C. 17
- ✓ D. 15

**Q.41** डीऑक्सीराइबोन्यूक्लिक अम्ल (DNA) और राइबोन्यूक्लिक अम्ल (RNA), जैवअणुओं के किस वर्ग से संबंधित हैं?

**Ans**
- ✗ A. प्रोटीन (Protein)
- ✓ B. न्यूक्लिक अम्ल (Nucleic acids)
- ✗ C. कार्बोहाइड्रेट (Carbohydrate)
- ✗ D. लिपिड (Lipid)

**Q.42** मान लीजिए $C_1$ और $C_2$ दो संकेंद्री वृत्त हैं जिनका केंद्र O है। मान लीजिए AB, बड़े वृत्त $C_1$ पर एक जीवा इस प्रकार है कि AB, $C_2$ को बिंदु P पर स्पर्श करती है। तो निम्नलिखित में से कौन-सा सत्य है?
( i ) OP = AP
( ii ) AP = PB
( iii ) OP = 2PB
( iv ) OP = AB

**Ans**
- ✗ A. OP = AP
- ✗ B. OP = AB
- ✓ C. AP = PB
- ✗ D. OP = 2PB

**Q.43** विश्व जनसंख्या समीक्षा रिपोर्ट 2024 के अनुसार, विश्व के निम्नलिखित क्षेत्रों में से किस क्षेत्र में जनसंख्या घनत्व सबसे अधिक है?

**Ans**
- ✗ A. मध्य अफ्रीका
- ✗ B. उत्तरी अमेरिका
- ✓ C. दक्षिण-मध्य एशिया
- ✗ D. पश्चिमी यूरोप

| | | |
|---|---|---|
| Q.44 | दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।<br><br>कथन:<br>सभी चेयर, टेबल हैं। सभी टेबल, बोर्ड हैं। कुछ टेबल, डेस्क हैं।<br><br>निष्कर्ष:<br>(I) कुछ बोर्ड, डेस्क हैं।<br>(II) कुछ चेयर, डेस्क हैं। | |
| Ans | ✔ A. केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।<br>✘ B. निष्कर्ष I और II, दोनों अनुसरण करते हैं।<br>✘ C. केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।<br>✘ D. न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है। | |
| Q.45 | एक निश्चित तर्क के अनुसार, 12 का संबंध 86 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, 17 का संबंध 116 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, 21 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?<br><br>(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएँ केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ, जैसे 13 में जोड़ना/में से घटाना/के साथ गुणा करना आदि, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करना अनुमत नहीं है) | |
| Ans | ✘ A. 146<br>✘ B. 158<br>✔ C. 140<br>✘ D. 152 | |
| Q.46 | भारतीय संविधान के निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद में समान नागरिक संहिता (UCC) का प्रावधान है? | |
| Ans | ✘ A. अनुच्छेद 46<br>✔ B. अनुच्छेद 44<br>✘ C. अनुच्छेद 42<br>✘ D. अनुच्छेद 48 | |
| Q.47 | किसी निश्चित कूट भाषा में, 'TOUR' को '2374' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है तथा 'RIOT' को '7634' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'I' का कूट क्या है? | |
| Ans | ✘ A. 7<br>✔ B. 6<br>✘ C. 3<br>✘ D. 4 | |
| Q.48 | 1741 में हुए किस युद्ध में एक भारतीय शासक ने डचों को पराजित किया था? | |
| Ans | ✔ A. कोलाचेल का युद्ध<br>✘ B. बक्सर का युद्ध<br>✘ C. कर्नाटक युद्ध<br>✘ D. प्लासी का युद्ध | |
| Q.49 | दो संख्याएं A और B इस प्रकार हैं कि A के 10% और B के 20% का योगफल, A के 20% और B के 10% के योगफल के तीन-चौथाई के बराबर है। A और B का अनुपात ज्ञात कीजिए। | |
| Ans | ✘ A. 3 : 5<br>✘ B. 5 : 3<br>✘ C. 2 : 5<br>✔ D. 5 : 2 | |

Prepp
Your Personal Exams Guide

| | | |
|---|---|---|
| Q.50 | A, B, C, D, E, F और G एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। C के बाएँ से गिनने पर G और C के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। E, A के दाएँ से तीसरे स्थान पर बैठा है। F, D के बाएँ से तीसरे स्थान पर बैठा है। E, F के ठीक दाएँ पड़ोस में बैठा है। B, F का निकटतम पड़ोसी नहीं है। G के दाएँ से तीसरे स्थान पर कौन बैठा है? | |
| Ans | ✔ A. F<br>✘ B. E<br>✘ C. D<br>✘ D. B | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.51 | कीबोर्ड शॉर्टकट Ctrl + Tab का क्या कार्य है? | |
| Ans | ✘ A. कंटेंट को कॉपी करना<br>✘ B. कंटेंट को सेव करना<br>✔ C. ओपेन टैब के बीच स्विच करना<br>✘ D. टैब को क्लोज़ करना | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.52 | ऊष्मागतिकी के किस निकाय में, निकाय एवं परिवेश के बीच ऊर्जा या द्रव्य का कोई विनिमय नहीं होता है? | |
| Ans | ✘ A. खुले<br>✘ B. बंद<br>✔ C. विलगित<br>✘ D. आंशिक रूप से बंद | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.53 | भारतीय शास्त्रीय संगीत का कौन-सा रूप, मंदिरों में भक्ति उपासना के अंग के रूप में प्रस्तुत किया जाता है, विशेष रूप से केरल में? | |
| Ans | ✘ A. ध्रुपद<br>✘ B. ठुमरी<br>✘ C. ख्याल<br>✔ D. सोपान संगीतम् | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.54 | एक निश्चित कूट भाषा में,<br>A + B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है'<br>A – B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है'<br>A x B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है'<br>A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'<br><br>उपरोक्त के आधार पर, यदि 'D ÷ F – G x H + J' है, तो D का J से क्या संबंध है? | |
| Ans | ✔ A. पुत्र की पत्नी का पिता<br>✘ B. पत्नी का पिता<br>✘ C. पत्नी का भाई<br>✘ D. पुत्र की पत्नी का भाई | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.55 | यदि $3(\sin^2\theta + \text{cosec}^2\theta) = 10$ है, तो $\cot^6\theta + \text{cosec}^6\theta$ का मान कितना होगा? | |
| Ans | ✘ A. 43<br>✘ B. 28<br>✔ C. 35<br>✘ D. 37 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.56 | पल्लव राजवंश की राजधानी निम्नलिखित में से किस स्थान पर थी? | |
| Ans | ✘ A. वातापी<br>✔ B. कांचीपुरम<br>✘ C. बादामी<br>✘ D. मदुरै | |

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.57 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्क पढ़िए। कथनों में दी गई जानकारी को सत्य मानते हुए, भले ही यह सामान्यत: ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता/करते है/हैं।

कथन:
सभी हीटर, फैन हैं। कुछ हीटर, लाइट हैं। कोई भी हीटर, बल्ब नहीं है।

निष्कर्ष:
(I) कुछ फैन, लाइट हैं।
(II) कोई भी बल्ब, हीटर नहीं है।

Ans
✔ A. निष्कर्ष (I) और (II), दोनों अनुसरण करते हैं।
✘ B. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
✘ C. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
✘ D. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।

Q.58 एक दुकानदार ने 19 दर्जन वस्तुएं ₹390 प्रति दर्जन की दर से खरीदीं। उसने प्रत्येक वस्तु ₹78 की दर से बेची। उसे कितने प्रतिशत लाभ हुआ?

Ans
✘ A. 137%
✔ B. 140%
✘ C. 142%
✘ D. 143%

Q.59 A और B एक व्यवसाय में 3 : 2 के अनुपात में निवेश करते हैं। यदि उन्हें कुल ₹25,000 का लाभ होता है, तो B द्वारा अर्जित लाभ ज्ञात कीजिए।

Ans
✔ A. ₹10,000
✘ B. ₹15,000
✘ C. ₹5,000
✘ D. ₹12,000

Q.60 1991 के प्रलेख में आर्थिक नीति के कौन-से तीन उद्देश्य सूचीबद्ध हैं?

Ans
✘ A. राष्ट्रीयकरण, अविनियमन, विकेंद्रीकरण
✘ B. संरक्षणवाद, विनियमन, सार्वजनिक स्वामित्व
✘ C. बाजार उदारीकरण, व्यापार प्रतिबंध, राजकीय नियंत्रण
✔ D. उदारीकरण, वैश्वीकरण, निजीकरण

Q.61 निर्भय किसी वस्तु को उसके वास्तविक विक्रय मूल्य के $\frac{4}{11}$ पर बेचकर 20% की हानि उठाता है। यदि वह उसे उसके वास्तविक विक्रय मूल्य के 71% पर बेचता, तो लाभ प्रतिशत कितना होता?

Ans
✘ A. 57.8%
✔ B. 56.2%
✘ C. 58.3%
✘ D. 58.5%

Q.62 दो धावक A और B समान बिंदु से 840 m लंबे एक वृत्तीय ट्रैक पर एक साथ दौड़ना शुरू करते हैं और दक्षिणावर्त दिशा में दौड़ते हैं। A की चाल 7 m/s और B की चाल 5 m/s है। दक्षिणावर्त दिशा में शुरुआती बिंदु से कितनी दूरी पर और A द्वारा कितने पूरे चक्कर लगाने के बाद, A पहली बार B से पुनः मिलता है?

Ans
✘ A. 210 m; 3 चक्कर पूरे करने के बाद
✘ B. 210 m; 2 चक्कर पूरा करने के बाद
✔ C. 420 m; 3 चक्कर पूरा करने के बाद
✘ D. 420 m; 2 चक्कर पूरा करने के बाद

Prepp
Your Personal Exams Guide

| | | |
|---|---|---|
| Q.63 | किस प्रकार की कंप्यूटर मेमोरी, पॉवर सप्लाई टर्न-ऑफ करने पर अपना संग्रहित डेटा खो देती है? | |
| Ans | ✗ A. नॉन-वोलाटाइल मेमोरी प्रकार (Non-volatile memory type)<br>✓ B. वोलाटाइल मेमोरी प्रकार (Volatile memory type)<br>✗ C. ऑप्टिकल मेमोरी फॉर्म (Optical memory form)<br>✗ D. चुंबकीय मेमोरी सेट (Magnetic memory set) | |

| | |
|---|---|
| Q.64 | सात व्यक्ति F, G, H, I, U, V और W एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। H, W के बाएँ से तीसरे स्थान पर बैठा है। V, G के बाएँ से दूसरे स्थान पर बैठा है। U, I के दाएँ से तीसरे स्थान पर बैठा है। U, H के ठीक दाएँ पड़ोस में बैठा है। F, H का निकटतम पड़ोसी नहीं है। F के दाएँ से गिनने पर, F और G के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं? |
| Ans | ✗ A. दो<br>✗ B. एक<br>✓ C. तीन<br>✗ D. चार |

| | |
|---|---|
| Q.65 | यह प्रश्न नीचे दी गई तीन अंकों वाली पाँच संख्याओं पर आधारित है।<br><br>(बाएं) 237 732 273 854 798 (दाएं)<br><br>(उदाहरण- 697 - पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)<br>(नोट: सभी संक्रियाएँ बाएं से दाएं की जानी चाहिए।)<br><br>यदि सबसे बड़ी संख्या के दूसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के दूसरे अंक में जोड़ा जाए, तो क्या परिणाम प्राप्त होगा? |
| Ans | ✗ A. 11<br>✓ B. 8<br>✗ C. 12<br>✗ D. 14 |

| | |
|---|---|
| Q.66 | नीचे दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह प्रश्नवाचक चिह्न (?) को प्रतिस्थापित करेगा?<br>JIM 36 NMQ 24 RQU 12 VUY 0 ? |
| Ans | ✗ A. ZZB -12<br>✗ B. ZHQ -13<br>✗ C. ZXB -13<br>✓ D. ZYC -12 |

| | |
|---|---|
| Q.67 | तीन घंटियां नियमित अंतराल पर बजती हैं। पहली घंटी प्रत्येक 120 मिनट पर, दूसरी प्रत्येक 180 मिनट पर और तीसरी प्रत्येक 240 मिनट पर बजती है। यदि तीनों घंटियां 9:00 a.m. पर एक साथ बजती हैं, तो वे अगली बार किस समय एक साथ बजेंगी? |
| Ans | ✗ A. 6 p.m.<br>✗ B. 12 noon<br>✗ C. 3 p.m.<br>✓ D. 9 p.m. |

| | |
|---|---|
| Q.68 | हिमालय पर्वत द्वारा अवरुद्ध शीत और सर्द पवनें, मध्य एशिया और निम्नलिखित में से किसके निकट के क्षेत्रों से उत्पन्न होती हैं? |
| Ans | ✗ A. भूमध्यसागरीय क्षेत्र<br>✗ B. मध्य अफ्रीका<br>✓ C. उत्तर-ध्रुवीय वृत्त<br>✗ D. प्रशांत महासागर |

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.69 P, Q, R, S, T और U एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है, और इसी प्रकार सबसे ऊपरी तल का क्रमांक 6 है।
T किसी सम क्रमांक वाले तल पर रहता है, लेकिन क्रमांक 6 वाले तल पर नहीं। Q और T जिन तलों पर रहते हैं, उनके क्रमांकों का योग 7 है। P, U के ठीक ऊपर रहता है। T और R जिन तलों पर रहते हैं, उनके क्रमांकों का योग 3 है। T के नीचे कितने व्यक्ति रहते हैं?

Ans
- ✗ A. 4
- ✗ B. 2
- ✗ C. 3
- ✓ D. 1

Q.70 एक निश्चित तरीके से HM 14 का संबंध EJ 16 से है। उसी प्रकार, RW 22 का संबंध OT 24 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, SX 27 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

Ans
- ✗ A. PV 29
- ✓ B. PU 29
- ✗ C. QU 28
- ✗ D. QV 29

Q.71 10 विद्यार्थियों के एक समूह का औसत वज़न 50 kg है। यदि शिक्षक का वज़न भी इसमें शामिल कर लिया जाए, तो औसत वज़न में 1 kg की वृद्धि हो जाती है। शिक्षक का वज़न कितना है?

Ans
- ✗ A. 58 kg
- ✓ B. 61 kg
- ✗ C. 60 kg
- ✗ D. 59 kg

Q.72 2025 में, संयुक्त राष्ट्र की किस संस्था ने ग्लोबल मीथेन स्टेटस रिपोर्ट (Global Methane Status Report) जारी की?

Ans
- ✗ A. जलवायु परिवर्तन पर अंतर-सरकारी पैनल (IPCC)
- ✗ B. जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन (UNFCCC)
- ✓ C. संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP)
- ✗ D. विश्व मौसम विज्ञान संगठन (WMO)

Q.73 प्रथम 5 प्राकृतिक संख्याओं का भारित माध्य ज्ञात कीजिए, जिनके भार (weights) संगत संख्याओं के बराबर हैं?

Ans
- ✗ A. $\frac{11}{5}$
- ✗ B. $\frac{13}{3}$
- ✗ C. $\frac{12}{5}$
- ✓ D. $\frac{11}{3}$

Q.74 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '−' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

15 A 5 C 6 B 8 D 1 = ?

Ans
- ✗ A. 48
- ✓ B. 50
- ✗ C. 49
- ✗ D. 47

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.75 2025 में, कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य के किस प्रांत में ज़ैरे इबोला (Zaire Ebola) वायरस स्ट्रेन के कारण इबोला का एक नया प्रकोप रिपोर्ट किया गया?

Ans
✔ A. कसाई प्रांत (Kasai Province)
✘ B. इतुरी प्रांत (Ituri Province)
✘ C. किंशासा प्रांत (Kinshasa Province)
✘ D. उत्तरी किवु प्रांत (North Kivu Province)

Q.76 इस प्रश्न में, एक प्रश्न के बाद दो कथन दिए गए हैं, जिन्हें (I) और (II) क्रमांकित किया गया है। आपको यह तय करना है कि क्या कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है। दोनों कथनों को पढ़ें और उचित उत्तर चुनें।
प्रश्न: पाँच व्यक्ति - निशा, ओजस, पल्लव, ऋतु और सुमन - पूर्व दिशा की ओर अभिमुख होकर एक सीधी पंक्ति में खड़े हैं।
बाएं छोर से दूसरे स्थान पर कौन खड़ा है?
(I) पल्लव, ऋतु के ठीक बाएं पड़ोस में खड़ा है, और ऋतु किसी भी छोर पर नहीं खड़ी है।
(II) निशा बाएं छोर पर खड़ी है, और ओजस, सुमन के ठीक दाएं पड़ोस में खड़ा है।

Ans
✘ A. कथन II में दी गई जानकारी ही प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है।
✘ B. कथन I और II दोनों मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।
✘ C. कथन I में दी गई जानकारी ही प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है।
✔ D. प्रश्न का उत्तर देने के लिए कथन I और II दोनों एक साथ पर्याप्त हैं (केवल कथन I या केवल कथन II नहीं)।

Q.77 $CO_2$ के साथ, प्रकाश संश्लेषण के दौरान प्रकाश-स्वतंत्र अभिक्रियाओं के लिए निम्नलिखित में से कौन-से समारंभक (initiators) आवश्यक होते हैं?

Ans
✘ A. हाइड्रोलेज और H2O
✔ B. ATP और NADPH
✘ C. CO2 और H2O
✘ D. CO2 और ग्लूकोस

Q.78 एक वृत्त की त्रिज्या 8 cm है और उसके त्रिज्यखंड का परिमाप 24 cm है। त्रिज्यखंड का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ A. 29 cm2
✔ B. 32 cm2
✘ C. 22 cm2
✘ D. 38 cm2

Q.79 श्री उदय कोटक निम्नलिखित में से किस क्षेत्र से संबंधित हैं, जिसके लिए उन्हें पद्म पुरस्कार 2026 में घोषित पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था?

Ans
✘ A. विज्ञान और नवाचार
✘ B. सामाजिक विकास
✔ C. व्यापार और उद्योग
✘ D. लोक सेवा

Q.80 एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए, 23 का संबंध 139 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 28 का संबंध 169 से है। समान तर्क का अनुसरण करने पर, 25 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए, 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना, किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

Ans
✘ A. 141
✘ B. 155
✘ C. 146
✔ D. 151

Q.81 सात बॉक्स P, Q, R, S, T, U और V एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हैं।
U के ऊपर कोई बॉक्स नहीं रखा गया है। U और P के बीच केवल तीन बॉक्स रखे गए हैं। R और T के बीच केवल एक बॉक्स रखा गया है। T को P के ठीक ऊपर रखा गया है। R और V के बीच केवल चार बॉक्स रखे गए हैं। Q को S के ऊपर किसी एक स्थान पर रखा गया है।
S और U के बीच कितने बॉक्स रखे गए हैं?

Ans
- ✗ A. 1
- ✗ B. 2
- ✓ C. 4
- ✗ D. 3

Q.82 दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

13 15 18 23 30 ?

Ans
- ✗ A. 33
- ✓ B. 41
- ✗ C. 36
- ✗ D. 38

Q.83 P, Q और R, प्रत्येक अकेले कार्य करते हुए, क्रमशः 10 दिन, 15 दिन और 25 दिन में एक कार्य पूरा कर सकते हैं। यदि P सभी दिन कार्य करता है, Q प्रत्येक विषम संख्या वाले दिन कार्य करता है और R प्रत्येक सम संख्या वाले दिन कार्य करता है, तो सम्पूर्ण कार्य कितने दिनों में पूरा होगा?

Ans
- ✗ A. $12\frac{3}{25}$
- ✗ B. $8\frac{9}{25}$
- ✓ C. $6\frac{12}{25}$
- ✗ D. $10\frac{11}{25}$

Q.84 निम्नलिखित अक्षर, प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लें और प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जानी है।

(बाएँ) % V € L X @ £ & Y M P # N % € Z % P * © M $ (दाएँ)

ऐसे कितने अक्षर हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक प्रतीक है और ठीक बाद में भी एक प्रतीक है?

Ans
- ✗ A. 7
- ✓ B. 5
- ✗ C. 6
- ✗ D. 4

Q.85 एक निश्चित कूट भाषा में, 'window is open' को 'fq ul pt' के रूप में और 'clean the window' को 'zd fq wp' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उस भाषा में 'window' को कैसे कूटबद्ध किया गया है?

Ans
- ✗ A. wp
- ✗ B. ul
- ✓ C. fq
- ✗ D. pt

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.86 एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है'
A - B का अर्थ है कि 'A, B की माता है'
A × B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'
A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B का पति है'

उपरोक्त के आधार पर, यदि 'Y + N × K ÷ T - S' है, तो Y का S से क्या संबंध है?

Ans
✗ A. माता
✗ B. पिता की बहन
✗ C. बहन
✓ D. पिता की माता

Q.87 निम्नलिखित में से किस केंद्र शासित प्रदेश में विधान सभा और मंत्रिपरिषद है?

Ans
✗ A. अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह
✗ B. दादरा और नगर हवेली
✓ C. पुडुचेरी
✗ D. दमन और दीव

Q.88 1857 में अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह करने के बाद सैनिकों ने निम्नलिखित में से किस लीडर को उनका नेतृत्व करने के लिए चुना?

Ans
✓ A. बहादुर शाह जफर
✗ B. मंगल पांडे
✗ C. नाना साहेब
✗ D. रानी लक्ष्मीबाई

Q.89 यदि एक 7 अंकों की संख्या 54572A0, संख्या 3 से पूर्णतः विभाज्य है, तो A का न्यूनतम मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. 4
✗ B. 3
✓ C. 1
✗ D. 5

Q.90 लगन बिंदु A से चलना शुरू करता है और दक्षिण दिशा में 22 km चलता है। फिर वह दाएं मुड़ता है, 13 km चलता है, फिर दाएं मुड़कर 27 km चलता है। इसके बाद वह फिर दाएं मुड़ता है और 21 km चलता है। अंत में वह दाएं मुड़ता है, 5 km चलता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (सबसे कम दूरी) और किस दिशा में चलना चाहिए? (जब तक अन्यथा निर्दिष्ट न हो, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के हैं)

Ans
✗ A. पश्चिम में 7 km
✓ B. पश्चिम में 8 km
✗ C. पूर्व में 8 km
✗ D. पूर्व में 7 km

Q.91 किसी आंकड़ा समुच्चय का माध्य और बहुलक क्रमशः 17.9 और 24.7 हैं। मूलानुपाती सूत्र का उपयोग करके, आंकड़े की माध्यिका (एक दशमलव स्थान तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. 20.3
✗ B. 21.4
✗ C. 19.9
✓ D. 20.2

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.92 भारतीय अर्थव्यवस्था में आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए सरकारी व्यय बढ़ाने में निम्नलिखित में से कौन-सी सीमा है?

Ans
- ✔ A. मुद्रास्फीति में वृद्धि की संभावना
- ✗ B. विदेशी व्यापार में उग्रता से वृद्धि करना
- ✗ C. स्फीति-गतिरोध की प्रवृत्तियां बनाना
- ✗ D. सामाजिक पूंजी विकास में उग्रता से वृद्धि करना

Q.93 भारत के संविधान के अनुच्छेद 171 के अनुसार, किसी राज्य की विधान परिषद की कुल सदस्यता, राज्य विधान सभा के कुल सदस्यों के निम्नलिखित में से किस अनुपात से अधिक नहीं होगी?

Ans
- ✗ A. दो-तिहाई
- ✔ B. एक-तिहाई
- ✗ C. आधी
- ✗ D. एक-चौथाई

Q.94 ₹4,000 पर 6% वार्षिक दर से 2 वर्ष के लिए साधारण ब्याज और वार्षिक रूप से संयोजित किए जाने वाले चक्रवृद्धि ब्याज के बीच का अंतर ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. ₹ 16.80
- ✗ B. ₹ 13.80
- ✗ C. ₹ 15.90
- ✔ D. ₹ 14.40

Q.95 निम्नलिखित में से कौन-सा, ताजे पानी के जलाशय (Freshwater bodies) में सुपोषण के कारण बनने वाले पोषक प्रदूषण (nutrient pollution) का सबसे महत्वपूर्ण स्रोत है?

Ans
- ✗ A. सीवेज का प्रवाह (Sewage discharge)
- ✗ B. शहरी तूफानी जल (Urban stormwater)
- ✗ C. औद्योगिक बहिःस्राव (Industrial effluents)
- ✔ D. कृषि अपवाह (Agricultural runoff)

Q.96 दो नल एक टंकी को क्रमशः 2 घंटे और 57 घंटे में भर सकते हैं। तीसरा नल उसे 57 घंटे में खाली कर सकता है। यदि सभी नल एक साथ खोले जाएं, तो खाली टंकी के आधे भाग को भरने में कितना समय (घंटों में) लगेगा?

Ans
- ✔ A. 1
- ✗ B. 3
- ✗ C. 4
- ✗ D. 2

Q.97 ₹6241 को A, B, C और D में इस प्रकार विभाजित किया जाता है कि A और B, B और C, तथा C और D के हिस्से क्रमशः 2 : 3, 4 : 5, और 10 : 3 के अनुपात में हैं। A का हिस्सा (₹ में) कितना है?

Ans
- ✗ A. 1174
- ✗ B. 1384
- ✗ C. 1334
- ✔ D. 1264

Q.98 नीचे दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह प्रश्नवाचक चिह्न (?) को प्रतिस्थापित करेगा?
OQR 42 TVW 35 YAB 28 DFG 21 ?

Ans
- ✔ A. IKL 14
- ✗ B. IJK 13
- ✗ C. ILK 14
- ✗ D. IQZ 13

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

| | |
|---|---|
| Q.99 | निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं ही की जानी है। (सभी संख्याएं केवल एकल-अकीय संख्याएं हैं।)<br>(बाएं) 3 6 2 £ 4 9 + 7 ~ 1 # % $ 5 ? & = * Ω 8 @ (दाएं)<br>ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनके ठीक पहले एक विषम संख्या है लेकिन ठीक बाद में कोई सम संख्या नहीं है? |
| Ans | ✔ A. चार<br>✗ B. दो<br>✗ C. तीन<br>✗ D. एक |

| | |
|---|---|
| Q.100 | दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?<br><br>45 46 50 59 75 ? |
| Ans | ✗ A. 98<br>✗ B. 99<br>✗ C. 101<br>✔ D. 100 |

"

Prepp Your Personal Exam Guide